एस. ई. सी. एल. के क्षेत्र में धंसाव का खतरा

677. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की सौहागपुर, जमुना, कोलमा और जुठीला कोयला खानों की खुदाई किन-किन ग्रामों और कस्बों के निचले तल तक पहुंच चुकी है ;

(ख) इन गांवों और कस्बों को धंसाव से बचाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ;

(ग) इन गांवों/कस्बों के कुल कितने व्यक्तियों को खनन कार्य के कारण विस्थापित किया जाएगा ;

(घ) उनका गांव-वार और शहर-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इन व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए क्या-क्या उपाय किए जाने का विचार है ?

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) से (ङ) : इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा संभव उपलब्ध होते ही सभा-पटल पर रख दी जाएगी

नई कोयला खानों के लिए की गई पहल

678. **डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1 जनवरी, 1993 को देश में 29.30 मिलियन टन कोयले का भंडार उपलब्ध होने का अनुमान है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार का 1993-94 के वित्तीय वर्ष के दौरान कुल कितने प्रतिशत कोयले का उत्पादन करने का लक्ष्य है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नई खानों में खनन कार्य प्रारम्भ करना पड़ेगा ;

(घ) यदि हां, तो ऐसी कोयला खानों की संख्या कितनी है और इस प्रयोजनार्थ अनुमानत: कितनी अतिरिक्त पूंजी अपेक्षित होगी ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड को लाभ होने की संभावना है ; और

(च) यदि हां, तो उसे कितना लाभ होने का अनुमान है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) दिनांक 1-1-1993 की स्थिति के अनुसार भारतीय भू-सर्वेक्षण द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार देश में कोयले के अनुमानित भंडार (1200 मीटर की गहराई तक) 193777.13 मि. टन हैं ।

(ख) वर्ष 1993-94 के लिए देश का कोयला उत्पादन लक्ष्य 249 मि. टन निर्धारित किया गया है जो कि कुल अनुमानित भंडारों का लगभग 0.13% है ।

(ग) और (घ) वर्ष 1993-94 के लिए कोयले के उत्पादन लक्ष्य को मुख्यत: वर्तमान खानों तथा स्वीकृत परियोजनाओं से पूरा किए जाने का प्रस्ताव है । 1-4-91 से सरकार ने 10 नई कोयला खानें प्रति वर्ष 35.81 मि. टन की कुल क्षमता के साथ तथा 2468.55 करोड़ रु. की राशि का निवेश किए जाने के लिए स्वीकृत की हैं ।

(ङ) और (च) जी हां । कोल इंडिया लि. को वर्ष 1992-93 के दौरान लाभ कमाने की संभावना है । यद्यपि वर्ष के लिए लाभ/हानि आंकड़े खातों को अंतिम रूप दिए जाने और लेखा-परीक्षा किए जाने के बाद ही उपलब्ध हो सकेंगे ।

Poor quality of Coal Supply to Kota Thermal Power Station

679. SHRI RAM DAS AGARWAL : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the poor qualty of coal received from the BCCL for Kota Thermal Power Station Kota resouls in unstable furnace conditions leading to frequent tripping of the units: